

हरिभूमि

रायपुर भूमि



भारतीय कप्तान ने बताया बैटिंग फ्रेंडली पिच, जिंबॉब्वे कप्तान ने कहा-गेंदबाजों के लिए अच्छी स्पीड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में 16 अक्टूबर को भारत और जिंबॉब्वे महिला के मध्य पहला टी-20 मैच खेला जाएगा। यह छग में होने वाला प्रथम महिला अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला होगा। इसके पूर्व बुधवार को दोनों टीम की कप्तान ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि रायपुर की पिच काफी अच्छी है। उन्होंने इसे बैटिंग फ्रेंडली पिच करार देते हुए कहा कि मैच में अच्छे से परफॉर्म कर पाए इसके लिए पूरी टीम प्रैक्टिस कर रही है।



रायपुर का मौसम काफी अच्छा है पिच भी अच्छी है। वहीं टीम की उप कप्तान शेफाली वर्मा ने कहा, पहले बल्लेबाजी करना हो या फिर गेंदबाजी हम सभी तरह की सिचुएशन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। छत्तीसगढ़ में बहुत ही अच्छी सुविधां हैं। दो दिनों के प्रैक्टिस सेशन के अनुभव अच्छे रहे हैं। दूसरी ओर जिंबॉब्वे टीम की कैप्टन जोसेफिन नकोमो का कहना है कि रायपुर की पिच में गेंदबाजों के लिए अच्छी स्पीड है। उन्होंने कहा, हम सभी की पूरी तैयारी है। रायपुर का स्टेडिया काफी बड़ा है, बेसिक्स पर हम पूरा फोकस कर रहे हैं।

आज दिल्ली रवाना होगी टीम

6 को होने वाले मुकाबले से पहले गुरुवार को भारतीय टीम रायपुर से दिल्ली रवाना होगी। वे दिल्ली में पीएम आवास में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके पश्चात देर रात टीम रायपुर लौटेगी। ठीक अगले दिन उन्हें मुकाबले में उतरना होगा। ऐसे में टीम गुरुवार की जगह बुधवार को ही नेट प्रैक्टिस में जमकर पसीना बहाते और रणनीति बनाते नजर आई। गौरतलब है कि हरमनप्रीत सिंह के इस्तीफा दिए जाने के बाद यह पहला मुकाबला है जो स्मृति मंधाना के नेतृत्व में टीम खेलेगी। नई कप्तान और उनकी रणनीतियों को लेकर भी खेल प्रशंसकों में उत्सुकता है।

नवरात्रि विशेष



पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्हीं स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

खबर संक्षेप

भारी वाहन का प्रतिबंधित मार्गों पर प्रवेश, 36 पर कार्रवाई

रायपुर। नवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा शहर के सभी प्रवेश मार्गों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। प्रतिबंधित समय में शहर के भीतर भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है तथा इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रतिबंध के बावजूद निर्धारित समय में शहर के भीतर प्रवेश करने वाले भारी वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रतिबंधित मार्गों पर प्रवेश करने वाले 36 भारी वाहन के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 2 लाख 38 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

नॉर्थ जोन पुलिस ने किए 61 गुम एवं चोरी मोबाइल रिकवर

रायपुर। नार्थ जोन पुलिस ने डीसीपी दीपमाला कश्यप के निर्देश पर सीईआईआर पोर्टल एवं तकनीकी माध्यमों से चोरी, गुम मोबाइल की पतासाजी कर 61 मोबाइल रिकवर कर 50 मोबाइल मालिक को उनका गुम मोबाइल वापस दिया है। खमतराई, गुढ़ियारी, उरला, पंडरी एवं थाना खम्हारडीह द्वारा गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन रिकवर किए गए हैं।

पेश हुआ पूरक चालान, शराब घोटाले की काली कमाई हवाला, आंगड़िया नेटवर्क के माध्यम से दुबई तक पहुंचाया

3200 करोड़ का शराब घोटाला, 20 आरोपी 22 फर्म और 27000 पन्नों का चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

32 सौ करोड़ रुपए के शराब घोटाला में एसीबी, ईओडब्लू की टीम ने बुधवार को स्पेशल कोर्ट में 20 आरोपी और 22 कंपनियों के खिलाफ 27 हजार पन्नों का चालान पेश किया। चालान में कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, यश टूटेजा और अख्तर ढेबर सहित कई बड़े नाम शामिल हैं। बीआर लोहिया और कुमार भाई ठक्कर उर्फ खंजन ठक्कर के खिलाफ फरारी में चालान पेश किया गया है।

खास खबर

कोर्ट में पेश किए गए चालान में शराब के अवैध उत्पादन, परिवहन और विक्रय, कमीशन वसूली, हवाला तथा अपराध से प्राप्त रकम को फर्मों, कंपनियों और संपत्तियों में लगाने से संबंधित साक्ष्य शामिल किए गए हैं। जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया है कि अनिल टूटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी तथा सिंडिकेट से जुड़े अन्य व्यक्तियों द्वारा राज्य की आबकारी व्यवस्था का दुरुपयोग कर देशी और विदेशी शराब की आपूर्ति पर अवैध कमीशन ⏭शेष पेज 10 पर

इन लोगों के खिलाफ चालान

व्यक्तिगत आरोपियों में रामगोपाल अग्रवाल, नवीन केडिया, राजेन्द्र जायसवाल उर्फ चुन्नू जायसवाल, भूपेन्द्र पाल सिंह भाटिया उर्फ गोल्डी भाटिया, प्रिंस भाटिया, विधु गुप्ता, अशोक सिंह, नवनीत गुप्ता, सत्येन्द्र प्रकाश गर्ग, विकास कुमार, राजीव द्विवेदी, एन. उदय राव, आशीष सौरभ केडिया, सुमित कुमार मालू उर्फ टिंकू मालू, रवि बजाज, आशीष श्रीवास्तव, यश टूटेजा, अख्तर ढेबर, बीआर लोहिया तथा कुमार भाई ठक्कर उर्फ खंजन ठक्कर शामिल हैं। आरोपी संस्थाओं में छत्तीसगढ़ डिस्टिलरी लिमिटेड, वेलकम डिस्टिलरी प्रा. लि., भाटिया वाइन्स मर्चेन्ट्स प्रा. लि., प्रिज्म होलोग्राफी एण्ड सिक्योरिटी फिल्म्स प्रा. लि., दिशिता वेंचर्स प्रा. लि., ओम साईं ब्रेवरेजेस प्रा. लि., नेक्सजेन पावर इंजीटेक प्रा. लि. तथा अन्य संबंधित फर्में व कंपनियां शामिल हैं।



पार्टी फंड के नाम से एक हजार करोड़

जांच में रामगोपाल अग्रवाल द्वारा पार्टी फंड के नाम पर एक हजार करोड़ रुपए से अधिक की नकद रकम प्राप्त करने, उसका हिसाब और प्रबंधन करने तथा आगे भेजने के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। यश टूटेजा द्वारा अवैध रकम प्राप्त कर उसे पारिवारिक खातों और संपत्तियों से जोड़ने तथा भूमि के क्रय-विक्रय से उसके स्रोत को वैध दिखाने की भूमिका पाई गई है। अनिल टूटेजा और अनवर ढेबर के बीच संपर्क तथा रकम से संबंधित व्यवस्थाओं में यश टूटेजा के सहयोग के साक्ष्य भी मिले हैं। अख्तर ढेबर द्वारा संबंधित फर्मों और कंपनियों के खातों में अवैध रकम अनसिक्योर्ड लोन के रूप में प्राप्त कर उसे भूमि और अन्य अचल संपत्तियों में लगाने के साक्ष्य मिले हैं।

घोटाले की रकम का स्त्रोत दुबई तक

शराब की अवैध बिक्री और कमीशन से प्राप्त नकद रकम विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू तथा उसके सहयोगियों के माध्यम से सुमित कुमार मालू उर्फ टिंकू मालू, रवि बजाज और अन्य हवाला कारोबारियों तक पहुंचाई जाती थी। इसके बाद हवाला तथा आंगड़िया नेटवर्क से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, राजकोट और अन्य शहरों में रकम उपलब्ध कराई जाती थी। श्रीजी आंगड़िया नेटवर्क के संचालक कुमार भाई ठक्कर उर्फ खंजन ठक्कर द्वारा मुंबई में प्राप्त रकम के बदले दुबई में विकास अग्रवाल को भुगतान उपलब्ध कराया गया। संबंधित गवाहों के बयान, हिसाब की शीट और मोबाईल से प्राप्त एक्सेल रिकॉर्ड में रकम, टोकन नंबर तथा भेजने और प्राप्त करने वाले व्यक्तियों का विवरण मिला है।

कोर्ट में पेश किए गए चालान में प्रमुख तथ्य

फर्जी होलोग्राम से अवैध बिक्री

सिंडिकेट ने डिस्टिलरी संचालकों के साथ मिलकर बिना एक्साइज ड्यूटी चुकाए 'पार्ट-बी' शराब तैयार कराई। इसे सरकारी दुकानों तक पहुंचाने के लिए डुप्लीकेट होलोग्राम, अतिरिक्त खाली बोतलें और फर्जी परिवहन परमिट का इस्तेमाल किया गया।

मैनपावर एजेंसियों की मिलीभगत

सरकारी शराब दुकानों का संचालन करने वाली मैनपावर एजेंसियों ने अपने कर्मचारियों के जरिए इस अवैध 'पार्ट-बी' शराब को बिकवाया। इसकी बिक्री से आई नकदी को मुख्य राजस्व से अलग रखकर सीधे सिंडीकेट तक पहुंचाया गया।

विदेशी शराब पर कमीशन खोरी

एफएल 10-ए लाइसेंसी कंपनियों के माध्यम से विदेशी शराब की सप्लाई पर भारी कमीशन वसूला गया। इस अवैध रकम को विभिन्न फर्मों और कंपनियों के जरिए रूट किया गया।

ब्लैक मनी को लोन दिखाया

ब्लैक मनी को व्हाइट करने के लिए बैंक एंट्री लेकर उसे कागजों पर अनसिक्योर्ड लोन दर्शाया गया। बाद में इस पैसे को जमीन और अन्य महंगी संपत्तियों में निवेश किया गया।

लॉकडाउन में भी आपदा को अवसर बनाया

चालान में इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान भी रायपुर (सिलतरा) स्थित एनवी डिस्टिलरी में नया प्रोडक्शन किया गया और पहले से स्टॉक की गई शराब को होटल-बार के जरिए अवैध रूप से बेचा गया।

सात रेत खदानों को दूसरी बार एक्सटेंशन, आज से खुलेंगी

रेट होगा कम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की रेत खदानों पर 10 जून से लगा प्रतिबंध 15 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है। इसी के साथ वैध सभी खदानों में फिर रेत उत्खनन का काम शुरू हो जाएगा। खनिज विभाग के अफसरों के अनुसार रायपुर जिले में 16 अक्टूबर से 7 वैध खदानों में उत्खनन का काम शुरू होगा। हालांकि इन सभी खदानों की अनुबंध अवधि वर्ष 2024 में समाप्त हो चुकी है। गाइड लाइन के अनुसार खदानों की अनुबंध अवधि समाप्त होने के बाद दोबारा नीलामी की प्रक्रिया की जानी थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस बार भी नीलामी नहीं हुई, पुराने ठेकेदारों को ही खदानें सौंप दी गई। पिछले लगभग दो वर्ष में यह दूसरी बार है, जब खदानों की अनुबंध अवधि बढ़ाई गई है।

- मानसून के कारण 10 जून से खदानों पर लगा प्रतिबंध आज होगा समाप्त

सात खदानों की लीज अवधि बढ़ाई

प्रतिबंध हटने के बाद जिले में 11 खदानें वैध रूप से संचालित होंगी। इनमें 7 खदानों की लीज अवधि 3 साल के लिए बढ़ाई गई है। सभी को पर्यावरण विभाग से एनओसी मिल गया है।

- **राजेश मालवे,** उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर

इन खदानों को दोबारा 3 साल का मिला एक्सटेंशन

जिले में वैध रूप से संचालित रेत खदानों में कुरुद, आरंग, लखना-कोलियारी अमनपुर, कुम्हारी आरंग, पारागांव, आरंग, हरदीडीह-कागदेही आरंग, चिखली-ए आरंग एवं चिखली-बी आरंग शामिल हैं। इन खदानों की नीलामी वर्ष 2023 में हुई थी। इन खदानों को 2 वर्ष की लीज अवधि पर दिया गया था। इनमें कुछ खदानों की लीज मार्च में और कुछ की सितंबर 2025 में खत्म हुई थी, जिसके बाद इन खदानों की एक वर्ष की लीज अवधि बढ़ाई गई थी। वर्ष 2026 में इन खदानों की अवधि समाप्त होने के बाद अब दूसरी बार इनकी लीज अवधि बढ़ाई गई है। इस बार इन खदानों की 3 वर्ष की लीज बढ़ाई गाई है।

पर्यावरण की अनुमति पर तर्क

जिन खदानों की लीज अवधि बढ़ाई गई है, उनमें कई खदानों पर विभाग द्वारा ही पूर्व में कार्रवाई की जा चुकी है। यह कार्रवाई पर्यावरण विभाग की गाइड लाइन का पालन नहीं करने एवं नियम विरुद्ध खनन करने पर की गई है। विभागीय अधिकारियों का यह भी कहना है कि एक्सटेंशन किए जाने पर खदान ठेकेदार को पर्यावरण विभाग से दोबारा एनओसी लेने की जरूरत नहीं पड़ती, जबकि खदानों की नीलामी के बाद पर्यावरण विभाग की एनओसी के बिना रेत का उत्खनन नहीं किया जा सकता।

इन खदानों में भी उत्खनन शुरू होने की संभावना

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिले में 7 पुरानी खदानों के अलावा अन्य 4 खदानें भी जल्द ही वैध रूप से संचालित होंगी। इनमें दो पुरानी खदानें मोहमेला-ए और कागदेही है। इसके अलावा दो नई खदानें चंपाझर-ए और चंपाझर-बी शामिल है। इन चारों को भी पर्यावरण विभाग से एनओसी मिलने की बात कहीं जा रही है।

दिसंबर में होगी निरस्त की गई शिक्षक भर्ती परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सहायक शिक्षक और शिक्षक पदों पर भर्ती के लिए आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षा अब 6 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। पूर्व में यह परीक्षा 11 अक्टूबर को आयोजित होनी थी, जिसे हाईकोर्ट के आदेश पश्चात दो दिन पूर्व ही निरस्त कर दिया गया था। बुधवार को अधिसूचना जारी कर कर्मचारी चयन मंडल ने नवीन तिथियों की घोषणा की है, साथ ही दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आवेदन पोर्टल 15 अक्टूबर से प्रारंभ किए जाने की सूचना भी जारी की गई है। ऑनलाइन आवेदन 15 अक्टूबर से प्रारंभ होंगे। अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। त्रुटि सुधार के लिए 31 अक्टूबर से 2 ⏭शेष पेज 10 पर

पुनः आवेदन की आवश्यकता नहीं

पोर्टल केवल उन दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए खोला गया है, जिन्हें हाईकोर्ट के निर्देश पश्चात बाद में पात्र श्रेणी में रखा गया। जो अभ्यर्थी पूर्व में ही इसके लिए आवेदन कर चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन अथवा किसी तरह की प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं है। परीक्षा केंद्र 16 जिला मुख्यालयों में बनाए जाएंगे। पाठ्यक्रम सहित ⏭शेष पेज 10 पर

पितृ पक्ष में भी बूम रजिस्ट्री, 9 दिनों में 730 रजिस्ट्री से सवा 9 करोड़ की आय

रायपुर समेत कई जिलों में तपेदिक के संदिग्धों की पहचान के लिए जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में इस बार पितृ पक्ष के दिनों में भी प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री जमकर हुई है, जिसके कारण पिछले कुछ वर्षों का रिकार्ड भी टूटा है। चालू वर्ष में 27 सितंबर से 10 अक्टूबर तक लगे पितृ पक्ष के दौरान 730 रजिस्ट्री हुई है, जिससे पंजीयन शुल्क एवं मुद्रांक शुल्क मिलाकर सवा 9 करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई है। इन दिनों में सबसे अधिक 110 रजिस्ट्री 1 अक्टूबर को हुई है, जिससे कुल 1 करोड़ 42 लाख रुपए से अधिक आय हुई है। पितृ पक्ष के दिनों में अक्सर लोग नई चीजें खरीदने से बचते हैं, जिसके कारण इस दौरान जमीन, मकान की खरीदी-बिक्री भी कम हो जाती है। प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री कम होने से पंजीयन दफ्तर में सामान्य दिनों की तुलना में रजिस्ट्री में भी 50 से 70 प्रतिशत तक गिरावट आती ⏭शेष पेज 10 पर

3.26 करोड़ पंजीयन एवं 5.99 करोड़ मुद्रांक शुल्क मिला

730 प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री से कुल 9 करोड़ 25 लाख रुपए की आय हुई है। इसमें पंजीयन लगभग शुल्क 3 करोड़ 26 लाख रुपए तथा मुद्रांक शुल्क से 5 करोड़ 99 लाख रुपए विभाग को प्राप्त हुए हैं। कुल रजिस्ट्री का औसत देखें तो हर दिन 80 से अधिक रजिस्ट्री है। हालांकि सबसे कम 53 रजिस्ट्री 10 अक्टूबर को हुई है।

औसत अच्छा रहा

सामान्य दिनों की तुलना में पितृ पक्ष में रजिस्ट्री बहुत कम होती है। इस बार भी यही स्थिति रही। हालांकि पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस बार पितृ पक्ष में रजिस्ट्री का औसत अच्छा रहा।

- विनोद कोचे, पंजीयक, रायपुर

भरपूर टेस्टिंग के बाद हजारों डोज होगा खराब

सालभर से डंप सी-वॉय टीबी टेस्ट वायल जिलों में भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विभागीय लापरवाही की वजह से गोदाम में पड़े-पड़े एक्पायरी डेट के नजदीक पहुंच चुके सी-वॉय टीबी टेस्ट पर स्वास्थ्य विभाग गंभीर हुआ है। इसके ज्यादा उपयोग के लिए वॉयल जिलों में भेजे गए हैं और रायपुर समेत कई जिलों में इससे टेस्टिंग भी शुरू कर दी गई है। माना जा रहा है कि भरपूर उपयोग के बाद हजारों डोज का खराब होना तय है। इसे नष्ट किया जाएगा अथवा वापस भेजा जाएगा इस पर विचार बाद में किया जाएगा।

जानकारों का कहना है कि शुरुआती दौर में ही जब इस



टेस्टिंग वॉयल को जिलों में भिजवा दिया जाता, तो यह खराब होने की स्थिति में नहीं पहुंचता। साथ ही टीबी मरीजों के क्लोज कांटेक्ट में रहने वालों की जांच का काम भी आसानी से पूरा कर लिया जाता है। अधिकारियों ने लापरवाही बरतते हुए इस गोदाम में डंप कर दिया। महीनेभर में उपयोग के लायक नहीं रहने वाले इस सी-वॉय टीबी टेस्टिंग वॉयल के उपयोग के लिए स्वास्थ्य विभाग जागा है। राज्य औषधि भंडार से यह इंजेक्शन वॉयल जिलों को वितरित किया जा रहा और उन्हें हिदायत दी जा रही है कि मरीजों की पहचान के लिए चलाए जा रहे अभियान का इसे हिस्सा बनाएं। त्वचा पर लगाकर होने वाले बदलाव के आधार पर टीबी के ⏭शेष पेज 10 पर

72 घंटे में चल जाता है पता

त्वचा पर इंजेक्ट किए जाने वाले इस दवा के बाद संबंधित शख्स को 72 घंटे तक निगरानी में रखा जाता है। इस दौरान अगर कलाई के इंजेक्शन लगने वाले हिस्से में कोई रिएक्शन नजर आता है, तो पॉजिटिव माना जाता है। संबंधित मरीज के अन्य तरीकों से टीबी टेस्ट करने की सिफारिश की जाती है। वर्तमान में टीबी मरीजों की पहचान के लिए एआई तकनीक से डिजिटल एक्स-रे का उपयोग किया जाता है।

इन राज्यों में उपयोग

क्षय उन्मूलन अभियान के दौरान सी-वॉयस टीबी टेस्ट पद्धति का उपयोग केरल, उत्तरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी इसे उपयोग किया जाना था, मगर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण इस पर काम नहीं बन पाया। यहां रखे-रखे संबंधित वॉयल की बड़ी खेप खराब होने की स्थिति में पहुंच गई है।



नवरात्रि पंचमी विशेषः

मां स्कंदमाता की आराधना से मिलता है सुख, शांति और संतान सुख का आशीर्वाद

नवरात्रि का पांचवां दिन मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता को समर्पित है। ममता, करुणा और वात्सल्य की प्रतीक मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना से भक्तों को सुख-समृद्धि, मानसिक शांति और संतान सुख की प्राप्ति होने की मान्यता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं और उन्हें जीवन की कठिनाइयों से लड़ने की शक्ति प्रदान करती हैं।

भगवान कार्तिकेय की माता हैं स्कंदमाता

पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कार्तिकेय को स्कंद के नाम से भी जाना जाता है। स्कंद की माता होने के कारण ही देवी पार्वती का यह स्वरूप स्कंदमाता कहलाता है। भगवान कार्तिकेय ने देवताओं की रक्षा के लिए तारकासुर जैसे शक्तिशाली असुर से युद्ध किया था। मां स्कंदमाता का स्वरूप मातृत्व की शक्ति और धर्म की रक्षा के संकल्प का प्रतीक माना जाता है।

ऐसा है मां स्कंदमाता का दिव्य स्वरूप

मां स्कंदमाता चार भुजाओं वाली देवी हैं। उनकी दो भुजाओं में कमल पुष्प सुशोभित हैं, जबकि एक भुजा से वे भगवान स्कंद को गोद में धारण करती हैं। उनकी एक भुजा भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करने की मुद्रा में रहती है। वे कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं, इसलिए उन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। उनका वाहन सिंह है, जो साहस, शक्ति और निर्भयता का प्रतीक है। मां का शांत और ममतामयी स्वरूप भक्तों के मन में श्रद्धा और विश्वास जगाता है।

पूजा से मिलती है सकारात्मक ऊर्जा

नवरात्रि के पांचवें दिन सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करने के बाद मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। उन्हें पुष्प, फल, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित किए जाते हैं। मान्यता है कि मां को पीले रंग के फूल और केले का भोग प्रिय है।















खबर संक्षेप



कृष्णा पब्लिक स्कूल में गरबा-डांडिया की धूम

आरंग। कृष्णा पब्लिक स्कूल, आरंग में 13 अक्टूबर को गरबा नाइट का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक परिधानों में सजे विद्यार्थियों और अभिभावकों ने गुजराती गीतों की धुन पर गरबा एवं डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रवेश, सर्वश्रेष्ठ गरबा कलाकार और ऊर्जावान कलाकार जैसी श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के निर्देशक अभिषेक त्रिपाठी ने आयोजन की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को बधाई दी। प्राचार्या विनीता मैराल, उपप्राचार्या शनमुगा सुंदरी एवं प्रधान पाठिका सोमा हल्दार ने सभी अतिथियों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

संकुल समन्वयक ने जन्मदिन पर सेमरिया स्कूल में कराया न्योता भोज



आरंग। संकुल समन्वयक संकुल सेमरिया एवं शासकीय प्राथमिक शाला सेमरिया के प्रभारी प्रधान पाठक विश्राम प्रसाद बंजारे के द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इसे प्राप्त कर बच्चे काफी उत्साहित एवं खुश नजर आए। इस दौरान बच्चों को जलेबी, नमकीन मिक्सचर और चॉकलेट परोसे गए। साथ ही बच्चों को पेन और पेंसिल भी वितरित किए गए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सेमरिया के पंच दानेश्वर सिन्हा, रामकुंवर सिन्हा, सोहद्रा सिन्हा एवं विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

आत्मानंद विद्यालय में हुईपोस्टर व निबंध स्पर्धा

अभनपुर। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अभनपुर में पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने बालिका सुरक्षा, सेवा एवं समर्पण विषय पर आकर्षक पोस्टर बनाकर बालिका शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तीकरण का संदेश दिया। चयनित विद्यार्थियों को खंड स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, अभनपुर की ओर से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ. तारा त्रिपाठी ने बालिकाओं को समान अवसर एवं सुरक्षित वातावरण देने पर जोर दिया। शिक्षक हेमंत कुमार साहू ने ऐसी गतिविधियों को सामाजिक जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा विभाग से पीएल साहू, विभागीय स्टाफ सहित सुजाता शर्मा, शकुंतला देवी, नवीन शर्मा, इति बंछोर, आफताब कुरैशी, लोकेश्वर साहू, हरिकृष्ण भोगल एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

परसकोल में नवरात्रि की धूम



आरंग। ग्राम परसकोल में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र पर्व अत्यंत उत्साह, उल्लास और पारंपरिक धार्मिक आस्था के साथ मनाया जा रहा है। ग्राम परसकोल के आदर्श चौक, गुमा रोड परसकोल में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। गांव के हर पारा-मोहल्ले में मां के जयकारों से वातावरण गूंज रहा है। सुबह-शाम महाआरती में बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर माता के दरबार में दीप प्रज्वलित कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं। 21 अक्टूबर को दशहरा धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी ग्राम पंचायत परसकोल के पूर्व सरपंच ईश्वर प्रसाद साहू ने दी।

धनेली में एक दिवसीय शिविर में रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

विहिंप व बजरंग दल के शिविर में 74 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

माज सेवा के पुनीत कार्य को निरंतर आगे बढ़ाते हुए विश्व हिंदू परिषद (रायपुर ग्रामीण) धरसींवा प्रखंड द्वारा ग्राम धनेली स्थित साहू समाज भवन में एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। संगठन के कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास और युवाओं के अभूतपूर्व उत्साह के चलते यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। इस सेवा यज्ञ में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मानव कल्याण के लिए कुल 74 यूनिट रक्त का दान किया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सिलतरा थाना प्रभारी श्री राजेंद्र कंवर जी उपस्थित रहे। उन्होंने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में थाना प्रभारी श्री राजेंद्र कंवर ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि हमारे द्वारा दान किया गया रक्त किसी मरते हुए व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। दुर्घटनाओं और गंभीर बीमारियों के समय अस्पताल में रक्त की एक-एक बूंद की कीमत समझ आती है। जब कोई युवा अपनी स्वेच्छा से रक्तदान करता है, तो वह न केवल एक जान बचाता है बल्कि समाज में मानवता, संवेदनशीलता और निस्वार्थ सेवा का संदेश भी फैलाता है। युवाओं का यह कदम राष्ट्र निर्माण और सामाजिक भाइचारे की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने यह साबित कर दिखाया है कि धर्म की रक्षा के साथ-साथ मानव जीवन की रक्षा करना ही सच्चा सेवा धर्म है।

रक्तदान ही सबसे बड़ा मानव धर्म : राजेंद्र कंवर



इस दौरान शिविर में मौजूद सभी लोगों ने मुख्य अतिथि के विचारों का करतल ध्वनि से स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला सह मंत्री मिथिलेश कुमार वर्मा, सह सेवा प्रमुख श्रवण राजपूत, प्रखंड अध्यक्ष खूबचंद देवांगन, मंत्री सोहन निषाद, संयोजक लोकेश साहू एवं धनंजय पाठक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा। अंत में आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों एवं चिकित्सकों की टीम का आभार व्यक्त किया।

सर्व विभागीय श्रमिक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कार्य से पृथक किए जाने की शिकायत की

लोनिवि के 300 दैनिक श्रमिकों का रोजगार संकट में, डिप्टी सीएम व सांसद को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी



लोक निर्माण विभाग वर्ष 2023 से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी एवं अनियमित श्रमिकों के रोजगार पर मंडरा रहे संकट को लेकर सर्व विभागीय दैनिक श्रमिक कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव तथा सांसद बृजमोहन अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर श्रमिकों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा।

प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि विभाग में वर्ष 2023 के बाद आवश्यकतानुसार कार्य पर रखे गए दैनिक श्रमिकों को कार्य से पृथक किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। वहीं लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक-3, अटल नगर, नवा रायपुर में 300 से अधिक दैनिक श्रमिकों को प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से नियोजित किए जाने का विषय सामने आया है। इससे लंबे समय से सेवाएँ दे रहे श्रमिकों एवं उनके परिवारों की आजीविका प्रभावित होने की आशंका है। संघ ने दिनांक 02 अक्टूबर 2026 के कार्य से पृथक करने संबंधी पत्र तथा 07 अक्टूबर 2026 के प्लेसमेंट व्यवस्था एवं व्यय संबंधी पत्र का संदर्भ देते हुए मांग की कि श्रमिकों को हटाने की कार्यवाही की समीक्षा की जाए तथा प्रभावित श्रमिकों के कार्य एवं वेतन की पूर्ववत स्थिति बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएँ।

संघ के प्रांताध्यक्ष राकेश साहू व पदाधिकारी सोमनाथ साहू केवल साहू धनेश्वर सिंन्हा वेंकटेश वर्मा मिनहाज ताहिर नारायण साहू पुरुषोत्तम साहू मांग की है कि वर्षों से विभाग की आवश्यक सेवाओं का निर्वहन कर रहे दैनिक श्रमिकों को अचानक कार्य से पृथक करना गंभीर विषय है। श्रमिकों ने अपनी मेहनत और अनुभव से शासकीय व्यवस्था को निरंतर सहयोग दिया है। ऐसे में उनके रोजगार एवं आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा श्रमिकों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। संगठन संवाद, संवैधानिक प्रक्रिया और प्रशासनिक स्तर पर समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन यदि श्रमिकों को धरातल पर न्याय नहीं मिलता और उनकी समस्याओं का उचित निराकरण नहीं होता, तो संगठन उनके अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाने से भी पीछे नहीं हटेगा। प्रभावित श्रमिकों को न्याय दिलाने तथा उनकी कार्य एवं वेतन संबंधी स्थिति पूर्ववत कराने के लिए हर संभव वैधानिक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि संगठन का उद्देश्य किसी व्यवस्था का अनावश्यक विरोध करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि व्यवस्था में परिवर्तन के कारण वर्षों से सेवा दे रहे श्रमिकों की आजीविका असुरक्षित न हो। संघ चाहता है कि विभागीय व्यवस्था में सुधार के साथ श्रमिकों के हितों की भी रक्षा हो।

सतनाम संदेश के साथ मौहागांव में नौ दिनी गुरु गद्दी पूजा प्रारंभ, ज्योति कलश स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

समीपस्थ ग्राम मौहागांव में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की आस्था, श्रद्धा और सतनाम परंपरा के अनुरूप नौ दिवसीय गुरु गद्दी पूजा एवं ज्योति कलश स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 11 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ यह धार्मिक आयोजन 19 अक्टूबर तक चलेगा। आयोजन के दौरान पूजा-अर्चना, ज्योति कलश स्थापना और कथा-प्रवचन के माध्यम से सतनाम धर्म की महिमा का वर्णन किया जा रहा है। धार्मिक कार्यक्रम में समाज के लोगों को आपसी प्रेम, भाईचारा, समानता और एकजुटता के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान कथा वाचक पंडित जीवराखन दास घृतलहरे ने सतनामी समाज को महंगुदास एवं अमरौतिन माता के विवाह प्रसंग की कथा सुनाई। उन्होंने कथा के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से पारिवारिक संस्कारों, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक जीवन में प्रेम एवं सद्भाव के महत्व को विस्तार से समझाया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं को बाबा गुरु घासीदास जी के जीवन से जुड़े प्रसंगों और सतनाम संदेश के महत्व से भी अवगत कराया गया।



प्रसंग से बताया संस्कारों का महत्व

कथा के दौरान महंगुदास एवं अमरौतिन माता के विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए पंडित जीवराखन दास घृतलहरे ने समाज को पारिवारिक जीवन में आपसी विश्वास, प्रेम और जिम्मेदारियों के निर्वहन का संदेश दिया। इसके साथ ही महंगुदास के पुत्र प्राप्ति के बाद छठी संस्कार से जुड़े प्रसंग का वर्णन किया गया। इस प्रसंग के माध्यम से परिवार में संतान के जन्म की खुशियों, पारंपरिक संस्कारों तथा सामाजिक रीति-रिवाजों के महत्व को बताया गया। उन्होंने कहा कि धार्मिक कथाएं केवल आस्था और श्रद्धा का माध्यम नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से समाज को जीवन जीने की सही दिशा, नैतिक मूल्यों और पारिवारिक जिम्मेदारियों की सीख भी मिलती है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जानने और समझने का अवसर मिलता है।

बाबा गुरु घासीदास के विचारों को आत्मसात करने की प्रेरणा

संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी के जीवन और उनके विचारों का उल्लेख करते हुए कथा के माध्यम से सतनाम धर्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। समाज में एकता, समानता, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देते हुए लोगों से बाबा गुरु घासीदास जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया गया। बाबा गुरु घासीदास जी के विचारों और सतनाम परंपरा से प्रेरणा लेते हुए समाज में आपसी भेदभाव से दूर रहने, एक-दूसरे का सम्मान करने तथा प्रेम और शांति के साथ जीवन व्यतीत करने का संदेश दिया गया।

79 स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष के लिए 9.32 करोड़ मंजूर

अभनपुर। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में 79 स्कूलों एवं स्थानों पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 9 करोड़ 32 लाख 39 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। जिला पंचायत रायपुर द्वारा विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण (VB-G RAM G) के अंतर्गत यह स्वीकृति प्रदान की गई है।

विधायक इंद्र कुमार साहू के प्रयासों से स्वीकृत इन कार्यों से क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध कराने तथा स्कूलों में कक्षों की कमी दूर करने में मदद मिलेगी। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक अधोसंरचना को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। अतिरिक्त कक्षों के निर्माण से विद्यार्थियों को व्यवस्थित वातावरण में अध्ययन करने की सुविधा मिलेगी।

हेमचंद ने रेत से बनाई 10 फीट ऊंची मां दुर्गा की प्रतिमा

आरंग। बुधवार को शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आरंग के ऐतिहासिक राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में भक्ति और कला का अद्भुत संगम देखने को मिला। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध रेत कलाकार हेमचंद साहू ने 10 फीट ऊंची मां दुर्गा की आकर्षक रेत-कलाकृति बनाकर सबका मन मोह लिया। मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु इस अद्भुत कलाकृति को देखकर अभिभूत हो रहे हैं। रेत से बनी मां दुर्गा की यह प्रतिमा चर्चा का विषय बनी हुई है।



दुर्गा पोस्टर विवाद समाप्त अध्यक्ष ने मांगी माफी

आरंग। मां दुर्गा के चित्र वाले पोस्टर हटाने को लेकर पिछले कुछ दिनों से चल रहा विवाद आखिरकार समाप्त हो गया है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब की मौजूदगी में अपने आरंग स्थित कार्यालय में सर्व समाज, श्री सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और उपस्थित नागरिकों के सामने सार्वजनिक रूप से माफी मांगकर पूरे घटनाक्रम पर विराम लगा दिया। इसके साथ ही 14 अक्टूबर को प्रस्तावित आरंग बंद और चक्काजाम का आह्वान भी समाप्त हो गया है। गौरतलब है कि मां दुर्गा के चित्र वाले फ्लेक्स-बैनरों को नगर पालिका के कचरा वाहन में डलवाकर फिंकवाने के आरोप के बाद विवाद गहरा गया था। श्री सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति, महामाया पारा ने प्रेस वार्ता कर पुलिस पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया था। समिति ने विरोध में 14 अक्टूबर को आरंग बंद और चक्काजाम का आह्वान करते हुए सर्व समाज, व्यापारी संघ सहित नगर के नागरिकों से समर्थन की अपील की थी। समिति पदाधिकारियों ने आरोप लगाया था कि 10 अक्टूबर को पोस्टर हटाने को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष की ओर से निर्देश दिए गए थे। इस मामले में समिति ने सीसीटीवी फुटेज से संबंधित जानकारी सामने आने का भी दावा किया था। दूसरी ओर, डॉ. संदीप जैन ने पहले आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए खारिज किया था। विवाद बढ़ने के बाद कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के हस्तक्षेप और मौजूदगी में नगर पालिका अध्यक्ष, दुर्गोत्सव समिति के पदाधिकारियों और सर्व समाज के प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई। इसी दौरान डॉ. जैन ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगकर मामले को समाप्त करने की पहल की। इसके बाद प्रस्तावित बंद और चक्काजाम की स्थिति भी समाप्त हो गई। इस घटनाक्रम के साथ आरंग में धार्मिक आस्था से जुड़े पोस्टर हटाने को लेकर उपजा विवाद फिलहाल शांत हो गया है।

रीवा स्कूल में पालक-शिक्षक बैठक, 135 अभिभावक शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल, रीवा में बुधवार को पालक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, त्रैमासिक परीक्षा परिणाम और संस्कारयुक्त शिक्षा के महत्व पर चर्चा की गई। बैठक में लगभग 135 अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय समिति के व्यवस्थापक ईश्वरी प्रसाद साहू, अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार नशीने, उपाध्यक्ष दिलीप कुर्रे एवं सदस्य सावित्री साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर व्यवस्थापक ईश्वरी प्रसाद साहू ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ संस्कारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा और अच्छे संस्कार देने में विद्यालय के साथ अभिभावकों की भी अहम जिम्मेदारी है। विद्यालय के प्राचार्य टीकाराम धीवर ने त्रैमासिक परीक्षा परिणाम की विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति से अभिभावकों को अवगत कराया। बैठक का उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के बीच समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं संस्कारों को बेहतर बनाना रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य कु. रंजीता प्रजापति ने आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही बैठक का समापन हुआ।

सशिमं में पालकों की बैठक सर्वांगीण विकास पर जोर

तरपोंगी। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यार्थियों के शैक्षणिक, मानसिक व नैतिक विकास और विद्यालय-पालक समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से पालक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती मेघा वर्मा एवं राखी निषाद द्वारा दीप प्रज्वलन कर हुआ।

प्राचार्य ने उपस्थित पालकों का स्वागत करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य में अभिभावकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने पालकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने, गृहकार्य पूरा कराने, खेलकूद व रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने तथा अनुशासन और नैतिक मूल्यों पर ध्यान देने का आग्रह किया। बैठक में पालकों ने भी नियमित अभ्यास और विद्यालयीन गतिविधियों की समय पर जानकारी देने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव रखे।



उत्कृष्ट सेवा के लिए सोमनाथ धाम में महिलाओं का किया गया सम्मान

तरपोंगी। सोमनाथ धाम लखना स्थित कर्मा मंदिर प्रांगण में मां कर्मा महिला प्रकोष्ठ एवं परिक्षेत्र साहू संघ लखना के संयुक्त तत्वावधान में 'मां कर्मा मातृत्व सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य एवं महिला बाल विकास सभापति शैल महेंद्र साहू तथा रायपुर जिला साहू संघ ग्रामीण के अध्यक्ष हीरामन साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला साहू संघ ग्रामीण उपाध्यक्ष पोषण साहू व धनमती साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष मनीराम साहू, उपाध्यक्ष गिरेन्द्र साहू, संगीता साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष संतोष साहू, जनपद सदस्य सेवती साहू, चांदनी शत्रुघन यदु, सरपंच श्यामा साहू एवं सत्यवती साहू शामिल हुए।



समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण पर बल दिया और समाज निर्माण में महिलाओं को अपनी महती भूमिका व दायित्वों को समझने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्र की स्वजातीय मितानिनों, शिक्षिकाओं और चिकित्सकों को उनकी उत्कृष्ट व निस्वार्थ सेवाओं के लिए समाज द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन सोनम साहू व रतनी साहू ने किया, वहीं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष गीतांजलि साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बुरेडा परिक्षेत्र अध्यक्ष योगेश साहू, डॉ. शिवकुमार साहू, रामजी साहू, मुकेश साहू, तखतराम साहू, रंजीत साहू, लेखराम साहू, दुष्यंत साहू, अरुण साहू, चंद्रशेखर साहू, ओमप्रकाश साहू, युगल साहू, अजय साहू, निशा साहू, सुकृता साहू, योगेश्वरी साहू, सुजैतीन साहू, जामवती साहू, पुनीता साहू, गीता साहू, मीना साहू, ममता साहू, लक्ष्मी साहू, फेकू राम साहू, उत्तम साहू, सियाराम साहू, अमरनाथ साहू, बेनी साहू, माखन साहू, भरत साहू, खेमीन साहू, नीता साहू, अंजनी साहू, हेमलता साहू, ईश्वरी साहू, संतोषी साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

जरौद में जगराता, विकास के लिए 20 लाख की घोषणा

आरंग। ग्राम जरौद (उमरिया) में 'जय मां कर्मा समिति' के तत्वावधान में गंगा साहू कृत लोक बयार सांस्कृतिक दल द्वारा जगराते का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने शिरकत की। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास को गति देते हुए 20 लाख रुपये की दो प्रमुख विकास सौगातों की घोषणा की, जिससे पूरे गांव में हर्षोल्लास का माहौल है। रात्रि के समय आयोजित इस जगराते में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता के भजनों का आनंद लिया। देर रात तक पूरा पंडाल देवी गीतों और जयकारों से गूंजता रहा और श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर नजर आए।

आरंग में 5 चैतन्य देवियों की झांकी आज से

आरंग। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर आरंग में आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण है। इसी कड़ी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय, गुड़ियारी पारा, आरंग में बुधवार 14 अक्टूबर से पांच चैतन्य देवियों की झांकी का शुभारंभ होगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, मां उमा देवी और मां काली के साक्षात चैतन्य स्वरूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यह पांच दिवसीय आयोजन 18 अक्टूबर तक चलेगा। प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक श्रद्धालु देवियों के दर्शन कर सकेंगे। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान की लता बहन जी ने कहा कि मां दुर्गा का आगमन जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश लेकर आता है। चैतन्य देवियों के स्वरूपों से प्रेरणा लेकर हमें सहनशीलता, पवित्रता, निर्भीकता और करुणा जैसे दिव्य गुणों को अपने आचरण में अपनाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख-शांति और खुशहाली की मंगलकामना की। संस्थान की ओर से श्रद्धालुओं से सपरिवार पहुंचकर पांचों देवियों के दर्शन करने तथा आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ उठाने की अपील की गई है। नवरात्र के अवसर पर आयोजित इस झांकी से क्षेत्र में भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण बनेगा।

एमबीबीएस पूर्ण होने पर 502 बच्चों को कराया न्योता भोज

आरंग। शासकीय प्राथमिक शाला निसदा में बुधवार को पदस्थ शिक्षिका सारिका सुशील बेलगहे ने अपने पुत्र की एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक, पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय निसदा के 502 विद्यार्थियों को पूर्ण न्योता भोज कराया। इस कार्यक्रम का संचालन निसदा के प्राचार्य एस.के. देवांगन ने किया। इसमें पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक अभिमन्यु साहू, प्राथमिक शाला की प्रधानपाठक श्रीमती स्मिता साहू एवं समस्त शाला परिवार का सहयोग रहा।

हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा नाइट्स को लेकर रायपुरियंस में जबरदस्त उत्साह





गरबा नाइट्स में लाइव बैंड और फ्यूजन म्यूजिक बेस पर डांडिया

गरबा की धुन पर थिरके यूथ के कदम

नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा नाइट्स को लेकर रायपुरियंस में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। शहर के विभिन्न मैदानों, क्लबों और वीआईपी रोड स्थित वेन्यूज पर लोगों की भारी हुजूम उमड़ रहा है। आयोजन में रंग जमाने पारंपरिक गुजराती परिधानों चनिया-चोली और कुर्ता-पायजामा में सजे युवा और परिवार देर रात तक डांडिया और गरबा की धुनों पर थिरक रहे हैं।



रायपुर। गरबा नाइट्स में लाइव बैंड और फ्यूजन म्यूजिक पारंपरिक गरबा गीतों के साथ-साथ बॉलीवुड और गुजराती फ्यूजन गानों का क्रेज सबसे ज्यादा है। इसके साथ ही प्रतिभागी लोग हर दिन अलग-अलग कलर कोड या थीम जैसे- राजस्थानी, इंडो-वेस्टर्न या प्योर ट्रेडिशनल के हिसाब से लोग तैयार होकर आयोजन में पहुंच रहे हैं। शहर भर में रास गरबा आयोजनों का भव्य आगाज नवरात्रि के दूसरे दिन से ही शुरू हो चुका है। बुधवार को चतुर्थी के दिन भी शहर में कई जगह गरबा नाइट्स का भव्य शुभारंभ हुआ। अलग-अलग पार्क, सोसायटी, मॉल्स, सर्वजनिक मैदानों पर गरबा नाइट्स का आयोजन किया जा रहा है, जहां पर सैंकड़ों की संख्या में प्रतिभागी, परिवार जन भक्ति, गीत-संगीत, संस्कृति और परंपरा के रंग में सराबोर होने पहुंच रहे हैं। शहर में आयोजित हो रहे भव्य रास गरबा नाइट्स इस प्रकार से हैं, जहां रास गरबा को एंजॉय किया जा सकता है।

गुढ़ियारी रास गरबा मैदान में भक्तिमय माहौल में रासगरबा

12 अक्टूबर से शुरू हो चुके मारुति मंगल भवन गुढ़ियारी गरबा स्थल पर भक्तिमय महौल में रास गरबा खेलने लोगों में गजब का उत्साह नजर आ रहा है। चतुर्थी की रात घड़ी पर जैसे ही 9 बजे गरबा स्थल पर बालीवुड और गुजराती, छत्तीसगढ़ी भक्ति गीतों...के धुन पर प्रतिभागी चौकड़ी-छकड़ी, रासघोड़ा बेस्ड डांडिया खेलते हुए सराबोर दिखे। शहर के पहले रास गरबा नाइट्स में डांडिया खेलने हर वर्ग के प्रतिभागियों का उत्साह दिखने को मिल रहा है। गरबा नाइट्स में लोग देर रात तक अपने साथियों, परिजनों और मित्रों के साथ भक्ति, आस्था, परंपरा और संस्कृति को एंजॉय कर रहे हैं। यहां पर 19 अक्टूबर तक रास गरबा का आनंद उठाएंगे।



मुंबई के प्रसिद्ध डीजे की बीट पर गरबा सेलिब्रेशन

रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर, रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस एवं रोटरी क्लब ऑफ रायपुर सुप्रीम के संयुक्त तत्वावधान में ओमाया गार्डन्स, वीआईपी रोड में आयोजित किया गया। इस भव्य आयोजन में तीनों आयोजक क्लबों के सदस्यों के साथ शहर एवं डिस्ट्रिक्ट 3261 के विभिन्न रोटरी क्लबों के रोटेरियंस अपने परिवार के संग तथा बड़ी संख्या में रायपुरियंस ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शानदार सजावट, आकर्षक रोशनी और रंग-बिरंगे पारंपरिक गरबा परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। मुंबई की प्रसिद्ध डीजे ख्याति और जाने-माने ड्रमर राहुल मणिकपुरी की शानदार प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में ऊर्जा और रोमांच भर दिया। गरबा की थाप पर थिरकते प्रतिभागियों ने देर तक इस संगीतमय शाम का आनंद लिया।



रात के 8 बजे के बाद से चढ़ रहा रास गरबा का खुमार

रास गरबा नाइट्स में रासचकड़ी-छकड़ी, घोड़ारास, पोपट डांस स्टेप पर डांडिया खेलने और देखने का भरपूर आनंद लोग उठा रहे हैं। नवरात्रि पर शहर में चारों ओर भक्ति और उल्लास के माहौल में गरबा नाइट्स की धूम मच रही है। शहर में रात के 8 बजे से रास गरबा स्थलों पर प्रतिभागियों सहित लोगों का हुजूम देखने को मिल रहा है। रास गरबा लोगों के लिए भक्ति, संस्कृति, परंपरा और आनंद-उत्सव का केंद्र बना हुआ है।

छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ-साथ गुजराती फूड्स का स्वाद

गरबा पंडालों में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ-साथ गुजराती और फास्ट फूड के स्टॉल्स भी आकर्षण का केंद्र हैं। साथ ही, युवाओं के लिए खूबसूरत सेल्फी पॉइंट्स बनाए गए हैं। आयोजन में भक्ति संगीत और गरबा डांस के साथ-साथ स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का भी लोग खूब आनंद उठा रहे हैं। वहीं सेल्फी, वीडियोग्राफी से प्रतिभागी और दर्शक अपने हर पल को रिकार्ड कर सोशल मीडिया स्टेटस पर छाने का मौका नहीं छोड़ नहीं रहे हैं।

सिटी लाइव

वर्ल्ड आर्थराइटिस दिवस पर एम्स ने किया मरीजों को सजग



रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सामान्य चिकित्सा विभाग क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रुमेटोलॉजी प्रभाग ने वर्ल्ड आर्थराइटिस दिवस पर मरीजों को सजग करने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्ष का थीम "अपने सपनों को साकार करें" है। कार्यक्रम का उद्देश्य गठिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर रोग की पहचान एवं उपचार को प्रोत्साहित करना तथा मरीजों को उचित चिकित्सा परामर्श के लिए प्रेरित करना था। डीन प्रो. डॉ. एली महापात्रा, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. डीके. त्रिपाठी, अपर चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. विराट गलहोत्रा तथा उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीपक डी'सूजा प्रोग्राम में शामिल हुए। इसमें रुमेटोलॉजी प्रभाग के प्रो. डॉ. विनय पंडित, डॉ. जॉयदीप सामंत, डॉ. झसकेतन मेहर एवं डॉ. रश्मि रंजन साहू सहित बाल रोग विभाग के डॉ. तुषार जगजापे और त्वचा रोग विभाग के डॉ. सत्यकी गांगुली ने भी गठिया के लक्षणों, निदान और उपचार के विभिन्न पहलुओं पर मरीजों और उनके परिजनों को जानकारी दी।

251 बालिकाओं का किया कन्या पूजन निभाई 'बिटिया जन्मोत्सव' की परंपरा

रायपुर। नवसृजन मंच सामाजिक संस्था द्वारा 'बिटिया जन्मोत्सव' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। बुधवार को यह आयोजन शांतिनगर स्थित विमतारा भवन में किया गया। कार्यक्रम में 10 दिन से लेकर 6 माह तक की 251 नन्हीं बेटियों का विधिवत कन्या पूजन किया गया। साथ ही बेटियों के माता-पिता का भी सम्मान किया गया। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 9 महिलाओं को 'नवशक्ति सम्मान' प्रदान किया गया। नवसृजन मंच विगत 13 वर्षों से बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने की प्रेरणादायी पहल कर रहा है। इस आयोजन के माध्यम से अब तक हजारों परिवारों को सम्मानित किया जा चुका है। इस वर्ष भी समारोह में नन्हीं बच्चियों की किलकारियों ने पूरे सभागार को आनंद और उल्लास से भर दिया। अतिथियों ने नवसृजन मंच की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाना और उनके माता-पिता को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाला प्रयास है। संस्था एवं छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने नवसृजन मंच की 13 वर्षों की यात्रा और वर्षभर संचालित सामाजिक गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर कन्या पूजन के साथ नवजात बेटियों का सम्मान करना भारतीय संस्कृति, मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा और सामाजिक जागरूकता का सुंदर संगम है। बिटिया जन्मोत्सव केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प है।





कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में महिला आयोग की अध्यक्ष ममता साहू, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष एवं नवसृजन मंच के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष विभा अवस्थी तथा इट्स हॉस्पिटल के संचालक सतीश बालानी प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

'हाई रिस्क प्रेग्नेंसी अपडेट' पर होगा सम्मेलन, एक्सपर्ट करेंगे शिरकत

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं को चिकित्सा विज्ञान के माध्यम से बीमारियों की समय पर पहचान और आधुनिक इलाज को प्राथमिकता देने की जरूरत पर जोर देना जरूरी है। साथ ही मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से 'हाई रिस्क प्रेग्नेंसी अपडेट 2026' राज्यस्तरीय चिकित्सा सम्मेलन का आयोजन 18 अक्टूबर को होटल बेबीलॉन कैपिटल में किया जाएगा। सम्मेलन की थीम गर्भावस्था प्रबंधन है। एसएमसी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एवं स्वर्गीय चैनसिंह मेमोरियल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों के साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से चिकित्सक शामिल होंगे। यह जानकारी बुधवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ. सतीश सूर्यवंशी और डॉ. प्रज्ञा सूर्यवंशी ने दी।



समय पर निर्णय लेने के तरीकों पर विशेषज्ञ प्रकाश डालेंगे

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत स्त्री रोग विशेषज्ञों को उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान, समय पर उपचार और नवीनतम चिकित्सा एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। वहीं वैज्ञानिक सत्रों में गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप, प्री-एक्लेम्पसिया, एक्लेम्पसिया, गर्भावधि मधुमेह, हृदय रोग, अत्यधिक रक्तस्राव तथा अन्य गंभीर जटिलताओं के प्रबंधन पर चर्चा की जाएगी। वास्तविक चिकित्सकीय मामलों के माध्यम से जटिल परिस्थितियों में बेहतर उपचार और समय पर निर्णय लेने के तरीकों पर एक्सपर्ट प्रकाश डालेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य केवल चिकित्सकीय ज्ञान का आदान-प्रदान करना नहीं, बल्कि प्रदेश के प्रत्येक स्तर पर कार्यरत चिकित्सकों को सशक्त बनाते हुए मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना है।

लाइव इवेंट

माता की चुनरी यात्रा में नारीशक्ति का उत्साह एकता एवं संस्कृति का दिया संदेश



रायपुर। धर्म जागरण समन्वय मातृशक्ति कार्य, रायपुर महानगर द्वारा नवरात्रि पर भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति, उत्साह और सनातन संस्कृति के गौरवमयी भाव के साथ किया गया। इस भव्य आयोजन में सैकड़ों मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए धर्म, आस्था, नारीशक्ति की एकता एवं सनातन परंपराओं के प्रचार-प्रसार का सशक्त संदेश दिया। इस कार्यक्रम के मार्गदर्शक धर्म जागरण के राष्ट्रीय अधिकारी राजेंद्र भाई रहे। उनके मार्गदर्शन में आयोजित इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन ने मातृशक्ति को एक सूत्र में पिरोने तथा समाज में धार्मिक चेतना, सांस्कृतिक जागरूकता और सनातन मूल्यों के प्रति समर्पण को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। नवरात्रि का पर्व शक्ति की उपासना, आत्मिक जागरण और सकारात्मक संकल्पों का प्रतीक है। इसी पावन भावना को आत्मसात करते हुए इस चुनरी यात्रा का मूल उद्देश्य "एक आस्था, एक संकल्प, एक उपासना" के ध्येय के साथ मातृशक्ति को संगठित करना, आपसी एकता एवं सामाजिक समरसता को प्रोत्साहित करना तथा सनातन धर्म की गौरवशाली परंपराओं, संस्कारों और आध्यात्मिक मूल्यों का जन-जन तक प्रचार-प्रसार करना रहा।

कार्नर न्यूज

गोदड़ीवाला धाम में भक्तिमय माहौल, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

भजन-कीर्तन, हवन और झंडा वंदन के साथ संत बाबा हरदास राम साहेब के 35वें वरसी महोत्सव का आगाज

रायपुर। देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद और देवपुरी धाम की महंत अम्मा मीरा देवी व जलगांव साहेब के महंत साई देवीदास के सानिध्य में हवन व झंडा वंदन के साथ वरसी महोत्सव शुरू हुआ। पंडित दिनेश शर्मा महाराज हवन करवाया गया। वहीं शाम चार से 5.30 बजे तक गोदड़ीवाला धाम महिला मंडल देवपुरी, रायपुर और भाटापारा का सत्संग 5.30 से 6.30 तक सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला सजाई गई। शाम 6.30 से 7.30 तक रोहन आर्य द्वारा भजनो की प्रस्तुति दी गई। 7.30 से 8 बजे तक आरती और अखंड पाठ साहब में लोग शामिल हुए। इस मौके पर संगत को आशीर्वाद देने शादाणी दरबार तीर्थ के संत साई युधिष्ठिर लाल साहेब उपस्थित हुए। रात 9.30 से 10.30 बजे तक साई सुदामालाल श्री कृष्णा दरबार चक्करभाटा वालो का कार्यक्रम हुआ। 10.30 से 12.30 भजन जैमिग बाय हियर कृष्णा शिव जलगांव की टोली द्वारा भी मनमोहक प्रस्तुतियों में श्रद्धालु रमे रहे। इसके बाद 12.30 से 1.30 बजे तक कमल जग्यासी और देवपुरी युवा मंडली द्वारा भक्तिमय आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए अमर गिदवानी और पवन प्रीतवानी ने बताया कि देर-रात तक महोत्सव में समाज के लोगों की सहभागिता रही।





आज निकलेगी शोभायात्रा, शामिल होंगे श्रद्धालु

गुरुवार को सुबह 11 बजे भगवान श्री झूलेलाल जी का बहराणा साहेब पूजा-अर्चना के बाद दोपहर एक बजे भव्य शोभायात्रा निकलेगी। वही दोपहर 1.30 बजे छत्तीसगढ़ सिंधी साधु समाज के संतों का विशेष भोज होगा। शाम 5 बजे से रात एक बजे तक संत-महात्माओं व भजन मंडलियों के द्वारा कार्यक्रम किए जाएंगे। रात 8 बजे गोदड़ीवाले बाबा की अखंड धुनी साहेब का पाठ होगा। सत्संग, सिमरन का क्रम दिनभर चलेगा। वहीं तीनों दिन भंडारा साहेब इंदर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, पवन प्रीतवानी सतीश थोरानी, लाल खुबचंदानी, इंदर थोरानी, अनिल तुल्यानी, दिनेश दावानी, महेश हरजानी, सुनील काशवानी, रॉकी काशवानी, श्याम केशवानी, गन्नू काशवानी कमल खुबचंदानी, मेहर माखीजा सेवा का दायित्व निभाएंगे।

चिकित्सक डॉ. रामचंदानी ने दी सेवा

वरसी महोत्सव में पहले दिन निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 225 लोगो ने पंजीयन करवाने के बाद निः शुल्क स्वास्थ शिविर का लाभ लिया। 185 लोगो ने हैदराबाद के मशहूर डॉ मोहन रामचंदानी से निः शुल्क स्वास्थ शिविर में पेट, लिवर और आतो से संबंधित जांच, परामर्श प्राप्त किया। उन्होंने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि रायपुर में आयोजित होने वाले सेमिनार में कई बार आने का अवसर मिला, लेकिन समाज के आयोजन में शामिल होने का अवसर पहली बार मिला। उन्होंने बताया कि देश के अलग-अलग राज्यों में हर महीने दो बार दौरा करते हुए लोगों के बीच सेवा देने का प्रयास करता हूं। वही डॉ. राजकुमारी बड़वानी ने सोनोग्राफी, डॉ. नवीन खुबचंदानी और डॉ. उमा ग्वालानी ने भी अपनी सेवाये दी।




मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु
जीवन की कामना करता हूँ
जनसेवा, सुशासन
और समर्पण के प्रेरणास्त्रोत
डॉ. रमन सिंह जी
छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष
नेतृत्व आपका कुशल, व्यक्तित्व बेमिसाल है,
सोच आपकी प्रगतिशील, काम आपका कमाल है।
आप जैसा नेतृत्व हम सबका अभिमान है,
आप स्वस्थ रहें, दीर्घायु रहें, यही हमारा अरमान है।
आपको जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं !
ATUL PUBLICITY
विनीत - RM GROUP

खबर संक्षेप

छत्तीसगढ़ नगर दशहरा उत्सव में पूर्व मुख्यमंत्री बघेल होंगे मुख्य अतिथि

रायपुर। छत्तीसगढ़ नगर के दशहरा उत्सव कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बुधवार को श्री बघेल से मुलाकात कर उन्हें विजयादशमी के अवसर पर आयोजित भव्य दशहरा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। विदित हो कि शहर के छत्तीसगढ़ नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा इस बार 19वां दशहरा उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें विशाल रावण पुतले का दहन, भव्य आतिशबाजी के साथ ही रामलीला मंचन का आनंद लोग उठा सकेंगे। यही नहीं, छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच रंग सरोवर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शाम 5 बजे उपस्थित रहेंगे। उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में निमंत्रण देने समिति के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के साथ समिति के सदस्य हेमराज डेकाटे,रजत साहू, द्रोण साहू, रोहित साहू, विजय साहू, सोनू पांडेय, तिलक निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

डीकेएस हास्पिटल में ब्रेस्ट सर्जरी पर लाइव वर्कशॉप

रायपुर। डीकेएस सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग एवं सीजीएपीआरएएस के संयुक्त तत्वावधान में 24 अक्टूबर को लाइव ऑपरेटिव वर्कशॉप एवं सीएमई का आयोजन 'ब्रेस्ट रिडक्शन एवं ब्रेस्ट ऑगमेंटेशन' विषय पर किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं फैकल्टी के रूप में देश के प्रख्यात प्लास्टिक सर्जन डॉ. जयंत बैन कोलकता होंगे। विभागाध्यक्ष डॉ. दक्षेश शाह ने बताया कि जिन महिलाओं के स्तन बड़े, भारी, होने से कमर-दर्द, गर्दन-दर्द, कंधे में दर्द की समस्या होती है ऐसी महिलाएं इस सर्जरी से लाभान्वित होंगी। छोटे स्तनों या अविकसित स्तनों की समस्या को आधुनिक प्लास्टिक सर्जरी से समाधान किया जा सकता। अस्पताल अधीक्षक डॉ. शिप्रा शर्मा ने बताया कि वर्कशॉप के दौरान निशुल्क जांच एवं सर्जरी की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए मरीज ओपीडी नंबर 7 में अपना पंजीयन करा सकती है।

खबर संक्षेप

दसरी बाई यादव

रायपुर। गोवर्धन चौक कुशालपुर



निवासी दसरी बाई यादव (67) का 14 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे संतोष यादव की माता थीं।

सुखउ राम वस्त्रकार

रायपुर। रायपुर निवासी सुखउ राम



वस्त्रकार का 14 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे नरेश वस्त्रकार, राजेश वस्त्रकार के पिता थे।

एक बीमारी के कई मरीज, एक ही तारीख में भर्ती दिखाकर फंसे कुछ अस्पताल, अंबिकापुर में एक का लाइसेंस रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दूसरे राज्यों से लाए गए मरीजों को एक ही बीमारी और एक ही तारीख में भर्ती दिखाना कुछ अस्पतालों को भारी पड़ गया और वे जांच के दायरे में आ गए। 15 अस्पतालों को आयुष्मान गड़बड़ी के नाम पर दिया गया नोटिस पीरएड खत्म हो गया है और एक-दो दिन में बड़ी कार्रवाई के आसार हैं।

- अंबिकापुर के महावीर हास्पिटल ने बरती इलाज में लापरवाही पैसे भी लिए

इधर मरीज के इलाज में लापरवाही और आयुष्मान के अलावा अतिरिक्त पैसे लेने के मामले में अंबिकापुर के महावीर अस्पताल का लाइसेंस एक माह के लिए रद्द कर दिया गया है।

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना की स्टेट नोडल एजेंसी ने राज्य के 15 निजी अस्पतालों को गड़बड़ी के मामले में अपना पक्ष रखने का वक्त दिया था जो खत्म हो चुका है। ज्यादातर अस्पतालों ने अपना पक्ष रखा जिसकी विवेचना की जा रही है। अनुमान है कि अगले एक-दो दिन में अस्पतालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक ज्यादातर अस्पताल ओडिशा और मध्यप्रदेश के मरीज लेकर आए थे और एक ही बीमारी दिखाकर एक ही दिन भर्ती कर उनका इलाज कर रहे थे। दस्तावेजों की जांच में वे फंस गए और उन पर कार्रवाई की संभावना बनी हुई है।

15 हास्पिटलों का नोटिस पीरिएड खत्म, आजकल में बड़ी कार्रवाई के आसार

तीन माह के लिए निलंबित

इधर आयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने वाला अंबिकापुर का महावीर अस्पताल फंस गया। अस्पताल प्रबंधन बिना पंजीयन न्यूरो सर्जरी की आवश्यकता वाले मरीज का इलाज कर रहा था। इसके अलावा उसने संबंधित मरीज के आयुष्मान कार्ड का पैकेज ब्लाक करने के साथ परिजनों से अतिरिक्त रूप से 87 हजार रुपए लिए थे। मामले की जांच के बाद अस्पताल का लाइसेंस एक माह के लिए निलंबित कर दिया गया। वहीं योजना में अनियमितता के मामले में मरीज के परिजनों को अतिरिक्त राशि वापस करने के साथ स्वास्थ्य सहायता योजना से तीन माह के लिए निलंबित कर दिया गया है।



खैरागढ़ का सोनोग्राफी सेंटर सील

इधर पीसीपीएनडीटी एक्ट में अनियमितता पाए जाने पर विकासखंड छुईखदान अंतर्गत साल्हेवारा स्थित बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर में नियमों के विरुद्ध सोनोग्राफी केंद्र संचालित किए जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए सोनोग्राफी सेंटर को सीलबंद कर दिया। बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर, साल्हेवारा के संबंध में पूर्व में प्राप्त शिकायत के आधार पर पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत जिला नोडल अधिकारी एवं उनकी टीम ने केंद्र का निरीक्षण एवं जांच की। वहां कोई अधिकृत रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध नहीं था। इसके अतिरिक्त पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत निर्धारित प्रारूपों को नियमानुसार नहीं भरा जा रहा था।

एक करोड़ की लागत से बना दो मंजिला सब्जी बाजार, 8 साल से वीरान

नंदी चौक सड़क किनारे का मछली बाजार होगा सुव्यवस्थित, जायजा लेने पहुंचे आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित टिकरापारा के नंदी चौक स्थित सड़क किनारे लगने वाला मछली बाजार अब सुव्यवस्थित होगा। सब्जी विक्रेताओं के साथ ही मछली विक्रेताओं को दो मंजिला बाजार में व्यवस्थापित करने नगर निगम जुटा हुआ है। इसी सिलसिले में बुधवार को नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने उपायुक्त बाजार डॉ. अंजलि शर्मा और वार्ड पार्षद प्रमोद कुमार साहू के साथ स्थल भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान सड़क पर लग रहे सब्जी और मछली बाजार से आवागमन में होने वाली परेशानी को निगम आयुक्त ने करीब से समझा। उन्होंने संबंधित मछली विक्रेताओं के व्यवस्थापन को लेकर निगम के अधिकारियों से चर्चा की।

- उपायुक्त बाजार डॉ. अंजलि शर्मा, वार्ड पार्षद प्रमोद कुमार साहू रहे उपस्थित



दरअसल, रायपुर नगर निगम द्वारा 8 वर्ष पूर्व शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड स्थित टिकरापारा के नंदी चौक में वहां सालों से सड़क पर बैठकर सब्जी पसरा लगाने वाले और मछली विक्रेताओं के सुरक्षित व सुव्यवस्थित रूप से व्यवस्थापन को ध्यान में रखते हुए करीब एक करोड़ की लागत से दो मंजिला नया सब्जी बाजार बनावाया गया। इसके लिए जोन स्तर पर सब्जी विक्रेताओं और मछली बेचने वालों का सर्वे कर बाकायदा उन्हें सूचीबद्ध कर चबूतरा और दुकान आवंटन की योजना बनाई गई, पर आवंटन से पहले इसकी प्रक्रिया विवादित होने के कारण पिछले 8 साल से टिकरापारा का दो मंजिला सब्जी बाजार वीरान पड़ा है। नगर निगम अब इस बाजार को सुव्यवस्थित करने स्थानीय सब्जी और मछली विक्रेताओं के साथ चर्चा कर समझाइश देने की तैयारी में है। वार्ड पार्षद प्रमोद साहू की पहल पर जल्द ही नंदी चौक के मछली विक्रेताओं की निगम मुख्यालय में बैठक होगी। मछली विक्रेताओं का कहना है कि उन्हें नीचे वाले फ्लोर पर चबूतरा आवंटित किया जाए।

नालंदा लाइब्रेरी फेज 2 के ग्राउंड फ्लोर के 2 ब्लाक का स्लैब वर्क पूरा, तीसरे ब्लाक का स्लैब जल्द



जीई रोड में साइंस कालेज के पास युवाओं के लिए 21 करोड़ 7 लाख की लागत से 1000 सीटर नालंदा परिसर 2 परियोजना आकार ले रही है। अनुबंधित ठेकेदार ने 3 ब्लाक में से 2 ब्लाक के स्लैब का कार्य पूरा कर लिया है। तीसरे ब्लाक के स्लैब बनाने का कार्य एक दो दिन में शुरू हो जाएगा। दीपावली त्योहार से पहले ए और बी ब्लाक में स्लैब डालने का कार्य पूरा करने की तैयारी है। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने बुधवार को निगम अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यो का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अनुबंधित ठेकेदार से अतिरिक्त संसाधन लगाकर कार्य को समय सीमा से पहले पूरा करने के निदेश दिए हैं। नालंदा परिसर 2 के निर्माण और कार्य परियोजना को पूरा करने अनुबंध की शर्त अनुसार 23 नवंबर 2027 तक की समय सीमा निर्धारित है। दरअसल, विज्ञान महाविद्यालय मैदान और जीई रोड के सामने यूथ हब के कंसेप्ट पर नालंदा परिसर फेस 2 कार्य परियोजना पर काम चल रहा है। इसके तहत प्रतियोगी परीक्षा का तैयारी करने वाले युवा और शैक्षणिक अध्ययन और शोध कार्य करने वालों की सहूलियत के लिए पुस्तकालय के साथ स्टडी विथ फिटनेस कंसेप्ट को शामिल किया गया है। जिसमें छात्र-छात्राओं के लिए आधुनिक जिम और स्पोर्टस जोन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। तीन मंजिला परिसर में एक हजार विद्यार्थी एक साथ बैठकर अध्ययन कर सकेंगे।

दो निजी अस्पताल की फार्मेसी समेत 17 दवा दुकानों की जांच, तीन को नोटिस भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कैंसररोधी दवाओं की खरीदी बिक्री और मूल्य की जांच अभियान के दूसरे दिन एफडीए की टीम दो बड़े निजी अस्पताल की फार्मेसी समेत जिले के 17 दवा दुकानों में पहुंची।

- कैंसररोधी दवाओं की खरीदी-बिक्री की जांच

दस्तावेजों की जांच के दौरान तीन फर्मों को लापरवाही पर नोटिस भी थमाया गया है।

बुधवार को औषधि निरीक्षकों की टीम ने रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल तथा संजीवनी केयर हॉस्पिटल स्थित फार्मेसी में उपलब्ध संबंधित औषधियों की जांच की। कैंसररोधी औषधियों के क्रय-विक्रय दस्तावेज संबंधित फर्मों से लिए गए एवं औषधियों के आयात, क्रय-विक्रय, एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। प्रकरण से संबंधित दस्तावेजों की जांच वर्तमान में जारी है।

इसके अलावा जिले में 17 मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के संबंध में 3 फर्मों को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किए गए हैं। संबंधित फर्मों से प्राप्त होने वाले स्पष्टीकरण एवं उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षण के बाद नियमानुसार आगामी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण अभियान का उद्देश्य औषधियों की गुणवत्ता, वैधता, मूल्य संबंधी प्रावधानों के अनुपालन तथा आम नागरिकों के हितों एवं जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के उपचार में उपयोग होने वाली औषधियों के संबंध में लागू नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा सतत निगरानी एवं जांच की जा रही है। जांच के दौरान यदि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 तथा उसके अंतर्गत लागू नियमों अथवा अन्य संबंधित वैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



पेज 07 के शेष ...

3200 करोड़ का ...

वसूला गया। डिस्टिलरी संचालकों से बिना आबकारी शुल्क चुकाए अतिरिक्त देशी शराब तैयार कराई गई, जिसे पार्ट-बी शराब कहा जाता था। इस शराब पर डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर फर्जी अथवा डुप्लीकेट परिवहन परमिट से शासकीय शराब दुकानों तक पहुंचाया गया। इसकी बिक्री शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज नहीं की जाती थी और बिक्री की नकद रकम अलग एकत्र कर सिंडीकेट को दी जाती थी।

दिसंबर में होगी ...

नवंबर तक का समय दिया जाएगा। इस दौरान दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित और सेरेब्रल पाल्सी श्रेणी के दिव्यांग ही आवेदन कर सकेंगे, जिन्हें न्यायालय के आदेश पश्चात उक्त भर्ती के लिए योग्य माना गया है।

पुनः आवेदन की...

अन्य चीजें पूर्ववत ही रहेंगी। इसके कोई बदलाव नहीं किया गया है। विस्तृत अधिसूचना कर्मचारी चयन मंडल की आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है।

पितृ पक्ष में भी...

है। पिछले दो वर्ष में रजिस्ट्री में भारी गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि इस बार पितृ पक्ष में प्रॉपर्टी की अच्छी खरीदी-बिक्री हुई है, जिससे रजिस्ट्री भी इस बार ज्यादा हुई है। विभागीय सूत्र के अनुसार पिछले दो वर्ष की तुलना में इस बार लगभग 30 से 35 प्रतिशत अधिक रजिस्ट्री हुई है, जबकि इस बार पितृ पक्ष के 14 दिनों में 9 दिन ही दफ्तर खुले रहे, वहीं 5 दिन अवकाश के कारण बंद रहे। इस तरह 9 दिनों में 730 रजिस्ट्री हुई है।

साल भर से डंप ...

संदिग्धों की पहचान करने वाले इस टेस्ट का लगातार उपयोग किए जाने के बाद भी मौजूदा स्टॉक के पूरा खत्म होने की संभावना बहुत कम है।

16 साल से 19 लाख के टैक्स बकायादार का परिसर सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के जोन 2 की टीम ने बुधवार को इंदिरा गांधी वार्ड में वर्ष 2010 से 2026 तक के 19 लाख 40 हजार से अधिक के बकाया संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने वाले बकाएदार के परिसर को सील किया। बकाएदार ने नगर निगम जोन 2 द्वारा बकाया संपत्ति कर के भुगतान का अंतिम नोटिस देने के बाद भी निगम को बकाया संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया। इस पर निगम की टीम ने उनके संबंधित परिसर को ताला लगाकर सीलबंद करने की कार्रवाई की।

- जोन 2 कमिश्नरी ने की सीलबंदी की कार्रवाई



नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के आदेश और उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा के मार्गदर्शन में दस जोन के बड़े बकायादारों से बकाया संपत्तिकर वसूलने विशेष राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। जोनवार चलाए जा रहे इस अभियान में नगर निगम ने जोन 2 के इंदिरा गांधी वार्ड में वित्त वर्ष 2010 से 2026 तक के 19 लाख 40 हजार 504 रुपए के बड़े बकायादार द्वारा जोन 2 के राजस्व विभाग की अंतिम नोटिस सूचना के बाद भी इसकी अनदेखी किए जाने और बकाया राशि का भुगतान नहीं करने पर संबंधित व्यावसायिक परिसर को सील किया गया। यह कार्रवाई जोन कमिश्नर संतोष पांडे, आईटी एक्सपर्ट रंजीत रंजन, जोन 2 सहायक राजस्व अधिकारी विजय शर्मा सहित राजस्व निरीक्षक पवन सिंह, संतोष वर्मा, तपेश कश्यप की उपस्थिति में की गई।

आम सूचना

वाके मौजा ग्राम भोथली, प.ह.नं. 00001, रा.नि.मं. अमलेश्वर, तहसील पाटन व जिला-दुर्ग (छ.ग) स्थित भूमि खसरा नंबर 136/1, रकबा 0.3314 हेक्टेयर भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेतागण 1. श्रीमती पद्मा व्यास, पति श्री सत्यानारायण व्यास, 2. श्रीमती पूनम व्यास, पति श्री राधेश्याम व्यास, दोनों निवासी गोकुल चन्द्रा मंदिर के पास, बूढ़ापारा, रायपुर छ.ग. के आधिपत्य व स्वामित्व की भूमि वाके मौजा ग्राम भोथली, प.ह.नं. 00001, रा.नि.मं. अमलेश्वर, तहसील पाटन व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 136/1, रकबा 0.3314 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है शेष राशि पंजीयन के समय अदा किया जावेगा।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उज्र आपत्ति है। तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी, उज्र, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगत मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद ग्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और वह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा।

सो सूचना जानें।

स्थान दुर्ग (छ.ग.) भवदीय
दिनांक 14.10.2026 नवीन कुमार सिंगरौल
अधिवक्ता
G-9, Adarsh Nagar,
Durg, Dist.- Durg (CG)
Mob. : 9827158696

न्यायालय तहसीलदार अभनपुर
मामले की श्रेणीः राजस्व

संदर्भः- जिला - रायपुर तहसील- अभनपुर प.ह.न.- 00028 ठेलकाबांधा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD2026274416305000001

ईश्तहार

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00028 के अंतर्गत ग्राम ठेलकाबांधा के वर्तमान भूमिस्वामी मंतुबाई पिता/पति - चूनुलाल टंडन पता-सा तेलीबांधा, रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1773(0.6400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कौशल्या लहरे पिता/पति - बाबूलाल उर्फ शिवलाल पता-पुरैना तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/10/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/10/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार: SITA SHUKLA
तहसील अभनपुर

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, मंदिर हसौद, रायपुर छ.ग.

शपथ-पत्र / आम सूचना

मैं दीनानाथ यादव उम्र 45 वर्ष पिता श्री जगतराम यादव निवासी ग्राम व पोस्ट गोढ़ी तहसील मंदिर हसौद व जिला रायपुर छ.ग. का निवासी हूं निम्नलिखित शपथ पूर्वक कथन निष्पादित करता हूं:-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरे द्वारा ग्राम गोढ़ी, प.ह.न.-16, रा.नि.म-मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 1003 रकबा 0.1100 हे. स्थित है जिसको विक्रेता भूमिस्वामी, खोरबाहरा धीवर व अन्य 03 से दीनानाथ यादव पिता जगतराम यादव के द्वारा क्रय किया जा रहा है।
3. यह कि, उक्त भूमि का क्रय किये जाने से किसी भी संस्था या व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपने अभिभाषक व अन्य के माध्यम से दावा आपत्ति दिनांक नियत तिथि 30/10/2026 तक कर सकते है ।

शपथकर्ता
सत्यापन :- मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 03 में लिखी गई समस्त बाते मेरी स्वयं की जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही हैं अतः आज मुकाम मंदिर हसौद, दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

स्थान :- मंदिर हसौद
दिनांक :- 14.10.2026 शपथकर्ता
दीनानाथ यादव

आम सूचना

ग्राम परसुलीडीह पं.ह.नं. 23 (तेईस), रा.नि.मं. रायपुर-16-सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने श्रीमती गायत्री चंद्राकर, पति श्री महेंद्र कुमार चंद्राकर, निवासी-मकान न डी-04, सुमीत सिटी ऑफ़ ड्रीम्स, कचना, रायपुर (छ.ग.). के स्वामित्व एवं आधिपत्य की खुली व्यपर्तित भूमि वाके मौजा ग्राम परसुलीडीह पं. ह. नं. 23 (तेईस), रा.नि.मं.-रायपुर-16-सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.) मे स्थित खसरा नंबर 57/147 में स्थित है। जिसका खसरा नंबर 57/147, रकबा-0.0262 हेक्टेयर (2820 sqft), भूमि जो कि नगर पालिक निगम रायपुर सीमा क्षेत्र के बाहर भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है तथा जिसका पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय अर्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर, दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा। सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 13-10-2026
Dr. Sunil Yadu ADVOCATE
District & Session Court Raipur,
Mobile no 8982195009

प्रकाशन फार्म संख्या 4 [विनियमन 15 (1) (बी)]
ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर
दूसरी और तीसरी मंजिल, संचार विकास भवन, BSNL बिल्डिंग, हेड पोस्ट ऑफिस के पास साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर (MP)
एस.ए./1147/2025

आवेदक - कामिनी पारेख
बनाम
बचाव पक्ष - आदित्य बिड़ला हाउसिंग लिमिटेड

प्रतिभूतिकरण अधिनियम की धारा 17 के तहत नोटिस, ऋण वसूली अधिकरण अधिनियम और ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के प्रावधानों के अनुसार, जैसा कि समय-समय पर संशोधित किया गया है।

प्रति,
1. आदित्य बिड़ला हाउसिंग लिमिटेड द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, जी. कारपेक पार्क के माध्यम से, 5वीं मंजिल, विग बाजार मॉल के पास, ठाणे पश्चिम, मुंबई (महाराष्ट्र)
यहाँ भी- शाखा का पताः चौथी मंजिल, स्काई पार्क, रानी सती मंदिर के सामने, राजा तालाब, रायपुर (छत्तीसगढ़)
2. आदित्य शर्मा पुत्र श्री सूरजभान शर्मा, निवासी - प्लॉट नंबर /मकान नंबर बी-24 एवं बी-25, आम्रपाली सहकारी गृह निर्माण संस्था समिति मर्यादित, खसरा नंबर 442 (पी.एच. नंबर 114/45 का भाग), राज्य निगम मंडल, रायपुर- 02, वार्ड नंबर 46, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) 492001
3. श्रीमती. पुष्पलता शर्मा पत्नी श्री सूरजभान शर्मा, निवासी मकान नं. 349, प्लॉट नंबर 409, सुंदर नगर, मिलेनियम चौक, रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) 492013
4. छत्तीसगढ़ पेपर बॉक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निदेशक श्री आदित्य शर्मा, निवासी मकान नंबर 409, सुंदर नगर, वी.आई.पी. चौक, रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)
5. जय माता दी पेपर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निदेशक श्री आदित्य शर्मा, निवासी ग्राम तरपोंगी, बिलासपुर रोड, रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)
6. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कार्यालय सी.जे.एम., रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)
7. तहसीलदार, रायपुर (छत्तीसगढ़)

इस न्यायाधिकरण के समक्ष वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 धारा 17 (1) के अंतर्गत एक आवेदन दायर किया गया है (आवेदन की एक प्रति संलग्न है)।

कारण बताओ कि मांगी गई राहत क्यों नहीं दी जानी चाहिए। आपको अपने बचाव में जवाब, अगर कोई हो, तो पेपर बुक के रूप में दो सेट में फाइल करना होगा और अपने सपोर्ट में सभी डॉक्यूमेंट्स और एफिडेविट ट्रिब्यूनल में खुद या अपने अधिकृत एजेंट या ली प्रैक्टिशनर के जरिए पेश करना होगा और इस ट्रिब्यूनल के सामने 26/10/2026 को सुबह 10.30 बजे पेश होना हो ऐसा न करने पर एक्सीकेशन पर आपकी गैरमौजूदगी में सुनवाई होगी और फैसला लिया जाएगा। आपको आगे यह भी निर्देश दिया जाता है कि SA को भेजे गए जवाब की एडवांस कॉपी एप्लीकेंट के वकील को दें।
के दिन मेरे हस्ताक्षर और इस ट्रिब्यूनल की मुहर के तहत दिया गया।

मुहर



छत्तीसगढ़ के सभी सरकारी अफसर-कर्मी सीखेंगे तनाव प्रबंधन का पाठ, बनेंगे कर्मयोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के अधीन काम करने वाले सभी अफसर और कर्मियों को अब कामकाज के दौरान होने वाले तनाव से निपटने का प्रबंधन सीखना होगा। सरकार ने ये काम सभी के लिए अनिवार्य किया है।

दरअसल सरकारी कामकाज की कार्यसंस्कृति में सुधार और अधिकारियों-कर्मचारियों की प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने नई पहल की है। इसके तहत राज्य के सभी विभागों में काम करने वाले गजटेट और नॉन गजटेट अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन सहित दो ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से पूरे करने होंगे। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी विभागों, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागों के कमिश्नर और जिलों के कलेक्टरों के लिए ये आदेश जारी किया है। इसके लिए 31 अक्टूबर 2026 की समयसीमा तय की गई है। सभी वरिष्ठ अधिकारियों को ये हिदायत भी दी गई है कि उनके अधीन कोई भी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित पाठ्यक्रम पूरा करने से छूटने न पाए।

- सरकार का आदेश- 31 तक दो ऑनलाइन कोर्स पूरे करना अनिवार्य
- विभागों को 3 नवंबर तक देनी होगी अनुपालन रिपोर्ट



विभागों को करनी होगी निगरानी

सरकार ने केवल प्रशिक्षण पूरा करने का निर्देश ही नहीं दिया है, बल्कि इसकी निगरानी की जिम्मेदारी भी विभागों और कार्यालय प्रमुखों को सौंपी है। आदेश के अनुसार, सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों सहित संबंधित अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के दोनों पाठ्यक्रम निर्धारित समयसीमा में पूरे कराना सुनिश्चित करना होगा। विभागों और कार्यालयों को पाठ्यक्रम पूरा होने की स्थिति की समीक्षा करनी होगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि किसी अधिकारी या कर्मचारी का कोर्स लंबित न रहे। इस तरह प्रशिक्षण की जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारी के साथ-साथ उसके विभागीय तंत्र पर भी रहेगी।

तनाव प्रबंधन से लेकर योग निद्रा तक का प्रशिक्षण

सामान्य प्रशासन विभाग के 14 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के अनुसार, यह प्रशिक्षण केंद्र सरकार के मिशन कर्मयोगी के तहत संचालित(आईगॉट)कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से दिया जाएगा। सरकार का कहना है कि इसका उद्देश्य प्रशासनिक दक्षता, कार्यसंस्कृति में गुणात्मक सुधार और अधिकारियों-कर्मचारियों की क्षमता का विकास करना है, ताकि लोक सेवाओं की डिलीवरी अधिक प्रभावी हो सके। अक्टूबर 2026 के लिए दो पाठ्यक्रम चुने गए हैं। पहला पाठ्यक्रम 'कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन' है, जिसकी अवधि 59 मिनट है। दूसरा पाठ्यक्रम ध्यान और योग निद्रा के माध्यम से तनाव प्रबंधन पर आधारित है। इसकी अवधि एक घंटा 12 मिनट निर्धारित है। दोनों पाठ्यक्रमों का उद्देश्य तनाव प्रबंधन से संबंधित जानकारी और अभ्यास के माध्यम से कर्मचारियों को कार्यस्थल की परिस्थितियों से बेहतर ढंग से निपटने में सक्षम बनाना है। हालांकि, आदेश में इन प्रशिक्षणों के बाद कर्मचारियों के प्रदर्शन में होने वाले संभावित सुधार का कोई अलग लक्ष्य या मापदंड नहीं दिया गया है।

3 नवंबर तक भेजनी होगी रिपोर्ट

सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी संबंधित विभागों और कार्यालयों से पाठ्यक्रम पूरा होने की स्थिति तथा प्रगति की जानकारी 3 नवंबर 2026 तक ई-मेल के माध्यम से भेजने को कहा है। इसके लिए विभाग ने ई-मेल आईडी निर्धारित की है। आदेश में इन निर्देशों का सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। आदेश मुख्य सचिव के अनुमोदन से जारी किया गया है। राज्य सरकार की इस व्यवस्था के तहत अब सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने नियमित प्रशासनिक दायित्वों के साथ निर्धारित ऑनलाइन प्रशिक्षण भी समयसीमा में पूरा करना होगा। यह पहल सरकारी सेवाओं में क्षमता निर्माण और कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन को प्रशासनिक प्रशिक्षण का हिस्सा बनाने की दिशा में एक कदम है।

खबर संक्षेप

आईएएस जयवर्धन केंद्रीय गृह मंत्रालय में बने उप सचिव

रायपुर। छत्तीसगढ़ कैडर के 2014 बैच के आईएएस अधिकारी एस. जयवर्धन अब केंद्र सरकार में जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्हें नई दिल्ली स्थित केंद्रीय गृह मंत्रालय में उप सचिव नियुक्त किया गया है। केंद्रीय स्टाफिंग योजना के तहत उनकी नियुक्ति 4 साल या अगले आदेश तक के लिए की गई है। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर जयवर्धन को उनकी मौजूदा जिम्मेदारी से कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए हैं। नियुक्ति के बाद जयवर्धन को 3 सप्ताह के भीतर नए पद पर ज्वाइन करना होगा।

यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए हुआ जागरूकता कार्यक्रम

रायपुर। एमिटी विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के पीओएसएच प्रकोष्ठ द्वारा गत दिनों विश्वविद्यालय के सभागार में "सुरक्षित, सम्मानजनक एवं समावेशी परिसर का निर्माण" विषय पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पीओएसएच) संबंधी जागरूकता एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पीओएसएच प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा परिसर में गरिमा, सम्मान, समानता और सुरक्षा की संस्कृति को प्रोत्साहित करना था।

सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के आदेश का पालन कराने तथा 1316 सहायक शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग

5 अभ्यर्थी क्रमिक आमरण अनशन पर

डीएड अभ्यर्थी धरने पर, सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक भर्ती के तहत नियुक्ति की मांग को लेकर प्रदेशभर के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने 1316 सहायक शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर धरना शुरू कर दिया है। प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन के माध्यम से वे सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश का पालन कराने अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। इसके साथ ही प्रतिदिन 5 डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी शासन का ध्यान अपनी मांगों के प्रति आकर्षित कराने आमारण अनशन पर बैठे हैं। धरना प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

डीएड अभ्यर्थी संघ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर प्रदेश भर से जुटे डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने सहायक शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि शासन-प्रशासन उनकी लंबित मांगों की अनदेखी कर रहा है। अभ्यर्थियों के मुताबिक छत्तीसगढ़ शासन का स्कूल शिक्षा विभाग ने सहायक शिक्षकों के 1316 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी भती का परिणाम और पात्रता सूची जारी होने के बाद भी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं मिल सकी है। इसी मांग को लेकर डीएड प्रशिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे हैं। लगातार अपनी मांगों को शासन तक पहुंचाने के बाद भी समाधान नहीं निकलने पर प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन आंदोलन को आमरण अनशन में बदलने का निर्णय लिया है।



आश्वासन देकर खत्म कराया था अनशन

24 दिसंबर 2025 से नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर आंदोलन कर रहे डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के आंदोलन को इससे पहले आश्वासन देकर समाप्त कराया गया था लेकिन उनकी नियुक्ति का मुद्दा अब तक नहीं सुलझा है। इससे प्रदेशभर के डीएड प्रशिक्षित चयनित अभ्यर्थियों में आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि अब वे केवल आश्वासन से अपने आंदोलन को समाप्त नहीं करेंगे, नियुक्ति मिलने तक अपने हक की लड़ाई जारी रखेंगे।

वेतन विसंगति, पदोन्नति, पीवी एप की समस्या को लेकर पटवारियों का धरना

राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर प्रदेशभर के पटवारी वेतन विसंगति, पदोन्नति, पीवी एप में व्यवहारिक व तकनीकी समस्या सहित अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। पटवारियों ने लंबित मांगों को लेकर जिला स्तर पर धरना दिया। धरना प्रदर्शन के माध्यम से अपने हक की आवाज बुलंद करते हुए पटवारियों पर की जा रही दमनात्मक कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताई। नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर पटवारियों ने प्रदर्शन किया। पटवारी संघ ने लंबे समय से लंबित वेतन विसंगति और पदोन्नति के मामलों का जल्द निराकरण करने की मांग की है। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष भागवत कश्यप ने कहा है कि जब तक मांगों का समाधान नहीं होता पटवारियों का अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा। हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी 33 जिलों में संघ के आव्हान पर पटवारी अपनी मांगों को लेकर जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन कर अपने हक की आवाज बुलंद कर रहे हैं। इसी कड़ी रायपुर जिले के पटवारियों ने नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर धरना देते हुए वेतन विसंगित, पदोन्नति और पीवी एपसे हो रही तकनीकी व व्यवहारिक समस्या की ओर शासन का ध्यान आकर्षित कराते हुए जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में जिले के पटवारी शामिल हुए।

दुर्घटना के बाद राहत कार्य में देर

एनएचएआई ने लगाई 10 लाख की पेनाल्टी

मेसर्स रविंद्र सिंह पर लगाया गया जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के कटघोरा-अंबिकापुर खंड में दुर्घटना प्रबंधन में लापरवाही पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएच एआई) ने संबंधित एजेंसी मेसर्स रविंद्र सिंह पर 10 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई है।

विगत 12 अक्टूबर को सुबह करीब 3 बजे चोटिया टोल प्लाजा के पास दो ट्रक-ट्रेलरों की भिड़ंत हुई थी। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने में देर के कारण मार्ग बाधित रहा। जांच में सामने आया कि घटना के दौरान एजेंसी का परियोजना प्रबंधक मौके पर मौजूद नहीं था। क्रेन ऑपरेटर की अनुपलब्धता और रिकवरी उपकरणों के लिए पर्याप्त ईंधन नहीं होने से राहत कार्य प्रभावित हुआ। 1033 हेल्पलाइन पर बार-बार सूचना देने के बावजूद समय पर आवश्यक सहायता नहीं मिल सकी। एनएचएआई ने इसे घटना प्रबंधन और हाईवे पेट्रोलिंग के निर्धारित मानकों का उल्लंघन मानते हुए संबंधित एजेंसी पर 10 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई है।

लंबे समय तक जाम रहा मार्ग

दुर्घटना के कारण यह मार्ग लंबे समय तक जाम रहा था। आम लोगों को इसके कारण पूरे दिन परेशान होना पड़ा। क्रेन ऑपरेटर की अनुपलब्धता, ईंधन की कमी, फोन कॉल्स के जवाब नहीं दिए जाने संबंधित चीजों को प्राधिकरण ने बड़ी लापरवाही माना है। रिंग रोड सहित प्रमुख मार्गों पर सामान्यतः इस तरह की स्थिति निर्मित होती रहती है। ऐसे में राहत में प्रायः संबंधित एजेंसी विलंब करती है, इसलिए इसे एक चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है।

जीवेत् शरदः शतम् !

CII
Confederation of Indian Industry

औद्योगिक प्रगति को नई दिशा,
छत्तीसगढ़ के विकास को नई ऊँचाई

छत्तीसगढ़ में उद्योग, निवेश एवं आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में आपके योगदान और उद्योग जगत के साथ सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण के प्रति सादर सम्मान।



डॉ. रमन सिंह
(छ.ग. के पूर्व मुख्यमंत्री
एवं छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष)
को जन्म दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाये !





Mr. Bajrang Goel
Chairman

Mr. Anand Singhania
Vice Chairman

CII Chhattisgarh State Council

ATUL

आप चिरायु हो,
आप शतायु हो !



राजीव अग्रवाल
(चेयरमेन सीएसआईडीसी)

छगन लाल मुंदड़ा
(वरिष्ठ भाजपा नेता)

डॉ. मनीष मंडल
(अध्यक्ष सीजीएसआई)



मान. डॉ. रमन सिंह जी
विधानसभा अध्यक्ष छ.ग.
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ...
आरती परिवार

ASHOKA PALM MEADOWS
PREMIUM FLATS & PLOTS
info@ashokapalmmeadows.com

AARTI GROUP
'ASHOKA' SINCE 1991
MAKING LIFE BETTER
www.aartiinfrabuild.com

SHOORVIR TMT BARS 550 D
info@aartisponge.com

Aarti House - Ashoka Ratna, Shankar Nagar, Raipur ✆7879888000, 9111550550

ATUL

खबर संक्षेप

ईपीएफओ की वेतन सीमा 15 हजार से 25 हजार तक बढ़ी

रायपुर। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी स्थापनाओं और नियोक्ताओं को केंद्र सरकार द्वारा भविष्य निधि (पीएफ) अंशदान के लिए वैधानिक मासिक वेतन सीमा को 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार तक कर दी गई है। इस संबंध में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त गौरव डोगरा ने बताया कि इस ऐतिहासिक वेतन सीमा वृद्धि के बाद, नियोक्ताओं की सुविधा और तकनीकी सुगमता को ध्यान में रखते हुए मुख्यालय द्वारा इलेक्ट्रॉनिक चालान-सह-रिटर्न (ईसीआर) जमा करने के अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। ईसीआर पोर्टल की उपलब्धताः संशोधित वेतन सीमा 125,000 के अनुसार अक्टूबर माह के लिए ईसीआर जमा करने की प्रक्रिया 15 अक्टूबर से प्रारंभ कर दी जाएगी। अंतिम तिथि रायपुर क्षेत्र के सभी नियोक्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे बिना किसी दंड-विलंब शुल्क के 31 अक्टूबर तक अपना ईसीआर और अंशदान अनिवार्य रूप से जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वेतन सीमा में इस वृद्धि से लाखों कर्मचारियों को सीधे तौर पर सामाजिक सुरक्षा का व्यापक लाभ मिलेगा।

प्रेमिका के नवजात को चेरिटी के पास छोड़ा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- ड्यूटी से लौट रहे पुलिसकर्मी ने महाराष्ट्र के आरोपी को राजेंद्र नगर पुलिस को सौंपा
- अत्यधिक रक्त स्त्राव होने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था

महाराष्ट्र के एक प्रेमी द्वारा अपनी प्रेमिका के नवजात को एक चेरेटी में छोड़ दिया गया, जिसे एक पुलिसकर्मी ने देख लिया। पूछताछ करने पर युवक ने पुलिस को बताया कि यह उसकी प्रेमिका का नवजात है, लोक लाज के भय से नवजात को चेरिटी के सामने छोड़कर जाने की बात कही। नवजात को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी युवक के खिलाफ टिकरापारा थाने की पुलिस ने बीएनएस की धारा 92, 93 के तहत अपराध दर्ज किया है।

पुलिस लाइंस में तैनात आरक्षक आलोक कुमार किंडो की शिकायत पर पुलिस ने महाराष्ट्र, गोंदिया निवासी रफीक शेख के खिलाफ नवजात की हत्या का अपराध दर्ज किया है। पुलिसकर्मी द्वारा थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार मंगलवार दोपहर दो बजे वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर अमलीडीह स्थित अपने क्वार्टर जा रहे थे। इस दौरान देखा कि राजेन्द्र नगर में जहां चेरेटी का बोर्ड लगा है, मदर टेरेसा की तस्वीर है, जिसमें शांति भवन लिखा है, वहां एक आदमी आटो से उतरकर एक नवजात बच्चे को चेरेटी के गेट के सामने छोड़कर कुछ दूर पैदल चलकर आगे जाकर उसी आटो से वापस जाने लगा।

ट्रैफिक सिपाहियों की मदद से पकड़ा

रास्ते से गुजर रहे पुलिसकर्मी ने ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के दो जवानों को बताया, ऑटो में जा रहा युवक चेरिटी के सामने सफेद कपड़े में कुछ छोड़कर जा रहा है। इसके बाद ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने ऑटो से जा रहे युवक को रोक कर पूछताछ की, तो उसने अपना नाम बताते हुए कपड़ा में नवजात को छोड़कर जाने की जानकारी दी।

अस्पताल से जबरन लामा कराकर ले गया

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया है कि वह जिस युवती के साथ प्रेम करता था, उसके साथ उसकी शादी नहीं हुई है। गर्भवती प्रेमिका की गोंदिया में डिलीवरी कराने पर उनकी पोल खुल जाती, इसलिए वे लोक-लाज के भय से रायपुर के एक निजी अस्पताल में डिलीवरी कराने के लिए आए। नवजात जन्म के बाद से ही कमजोर था, उसे उपचार की तत्काल जरूरत थी। बावजूद इसके आरोपी युवक ने नवजात का किसी दूसरे अस्पताल में उपचार कराने का झांसा देकर चेरेटी के पास छोड़ दिया।



नवरात्रि के बाद पुलिस कमिश्नरेट में ई-कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- प्रकरणों के संधारण, पेशी, जमानत एवं निराकरण के लिए एकीकृत डिजिटल व्यवस्था

पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत संचालित एसीपी, विशेष कार्यपालिक मजिस्ट्रेट न्यायालयों के कार्यों को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ई-कोर्ट डिजिटल सिस्टम विकसित किया गया है। प्रथम चरण में इस प्रणाली को कमिश्नरेट के अंतर्गत संचालित सभी संबंधित न्यायालयों में लागू किया जाएगा। यह पहल न्यायालयीन कार्यप्रणाली को डिजिटल स्वरूप प्रदान करने तथा प्रकरणों के प्रबंधन एवं निगरानी को अधिक व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ई-कोर्ट का संचालन नवरात्रि के बाद चालू होने की संभावना है। ई-कोर्ट शुरू करने बुधवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला एवं एसीपी अमित तुकाराम कांबले की उपस्थिति में पुलिस कमिश्नरेट रायपुर के तीनों जोन के एसीपी एवं उनके अधीनस्थ रीडर स्टाफ के लिए ई-कोर्ट डिजिटल सिस्टम पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।



